संख्या–cm-22
09/01/2020

मुख्यमंत्री ने बॉका में चांदन जलाशय परियोजना के पुनर्स्थापन कार्य का किया उद्घाटन

पटना, 09 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में बॉका जिले के बौंसी प्रखण्ड में चांदन जलाशय योजना के तहत पुनर्स्थापन कार्य, सुरक्षात्मक कार्य, सुखनिया वियर, दकाई वियर तथा अन्य संरचनाओं के पुनर्स्थापन/पुनर्निर्माण कार्य, वितरण प्रणालियों के पुनर्स्थापन कार्य तथा चंदन जलाशय के निकट स्थित निरीक्षण भवन की विशेष मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य (प्राक्कलित राशि 5732.55 लाख रूपये) का उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने बताया कि पूरे बिहार में बॉका जिले में सबसे अधिक बंजर भूमि है। इस बंजर भूमि पर कृषि विभाग के प्रयास से बड़े पैमाने पर फलदार वृक्ष के पौधे लगाये गये हैं। दो सौ एकड़ से ज्यादा बंजर भूमि पर यह कार्य सम्पन्न हुआ है। इसके अलावा 110 एकड़ से ज्यादा भूमि पर लेमन ग्रास की खेती करायी जा रही है। लेमन ग्रास से तेल निकालने के लिये डिस्टिलेशन प्लांट की भी स्थापना की गयी है। जिले में बड़े पैमाने पर अर्जुन के पेड़ लगाकर कोकुन का उत्पादन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि जिले में मौसम के अनुकूल कृषि कार्य करये जा रहे हैं। जिले में जिरो टिलेज से गेहूॅ की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में महिला किसानों द्वारा बड़ी संख्या में कृषि यंत्रों का उपयोग कर खेती की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि महिलायें पावर टिलर एवं ट्रैक्टर का परिचालन स्वयं करती हैं। इनके द्वारा कृषि यंत्रों का बैंक बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की इस पहल की प्रशंसा करते हुये कहा कि जो भी सरकारी मदद एवं अनुदान इन्हें देने की जरूरत हो, उन्हें मुहैया करायें। मुख्यमंत्री यह भी जानकर प्रसन्न हुये कि पशु चॉकलेट के रूप में पौष्टिक चारा पशुओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। पशु इसे बड़े चाव से खाते हैं। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि बॉका जिले में किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर मधु का उत्पादन कर अच्छी आय प्राप्त की जा रही है। सहजन की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री द्वारा समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर बेटी के जन्म की खुशी में बधाई संदेश कार्ड उनके अभिभावकों को दिया गया। इन कन्याओं के अभिभावकों को दो पौधे भी भेंट स्वरूप दिये गये। मुख्यमंत्री ने कन्या उत्थान योजना के लाभुकों को प्रथम किश्त के रूप में दो हजार रूपये का चेक प्रदान किया। साथ ही बाल विवाह का विरोध करने वाली शंभुगंज प्रखण्ड की छात्रा सुश्री ललिता कुमारी को मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। परवरिश योजनान्तर्गत दो लाभार्थियों को लाभुक के रूप में स्वीकृति पत्र भी भेंट किया गया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, समाज कल्याण मंत्री सह बॉका जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामसेवक सिंह, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री रामनारायण मण्डल, सांसद श्री गिरिधारी यादव, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******